Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to establish a memorial in the name of 1st Sarsanghchalak Shri K.B. Hedgewar in Rampayali Gram in Waraseoni tehsil in Balaghat Parliamentary Constituency.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट) : सभापति महोदय, मैं आज एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । आपको भी यह सुनने में अच्छा लगेगा । इस समय हम आजादी का अमृत महोत्सव काल मना रहे हैं । आजादी में जिन लोगों ने अपना योगदान दिया, उनके लिए कहीं न कहीं कोई यादगार स्मारक बना रहे हैं ।

सभापति महोदय, इसी तरह मेरे लोक सभा क्षेत्र बालाघाट में हमारे प्रथम सरसंघ चालक आदरणीय हेडगेवार जी का बाल्यकाल बीता । बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील में रामपायली ग्राम है । यह ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल भी है, इसको भगवान राम और हनुमान जी का भी स्थान माना जाता है । यहां पर उनका बाल्यकाल बीता । यह उनकी प्रथम क्रांतिभूमि है, जहां उन्होंने उस समय अंग्रेजों के खिलाफ एक नारियल का बम बनाकर थाने पर फेंका था । बाद में उन्होंने बच्चों को भी शिक्षित करने का काम किया था । उन्होंने सीमा उल्लंघन का भी काम किया था ।

अत: मेरी सरकार से मांग है कि जिस तरह से जंगल सत्याग्रह के नाम पर आदरणीय हेडगेवार जी, प्रथम सरसंघ चालक जी का येवतमाल के करल गांव में स्मारक बनाना भारत सरकार ने तय किया है । ऐसा ही सरामपायली पौराणिक स्थल पर भी आदरणीय प्रथम सरसंघ चालक जी का स्मारक बने, जिससे उनकी स्मृति में उनके उस कार्यकाल को याद रखा जाए, ताकि आने वाले पीढ़ी के लिए वह यादगार हो सके । इस तरह का वहां कोई कार्यक्रम किए जाने का प्रयास किया जाए । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय सभापति : श्री सुनील कुमार मंडल -उपस्थित नहीं ।